दैनिक भास्कर

इंदौर, शुक्रवार, 27 नवंबर , 2015

इंटरनेट पर लालच में न आएं, ये ऑनलाइन ठगी हो सकती है

संकल्प अभियान के तहत आईजी कपूर ने जानकारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंटरनेट पर अकसर मैसेज आते हैं आपकी लॉटरी लगी है। आप करोड़ों का इनाम जीते हैं। कई लोग इसके लालच में आ जाते हैं और अपने रुपए गंवा देते हैं। इसलिए इंटरनेट का इस्तेमाल करते वक्त सतर्क रहें। लालच से बचें, यह ऑनलाइन ठगी हो सकती है।

यह बात शुक्रवार को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ ही आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा अरुंधतिसिंह चंदेल और रक्षिता शर्मा को आईजी कपूर ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित भी किया।

शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जानकारी देते आईजी कपूर।